अनुबंध–3

## मंडल की वर्ष 2019–20 की रिपोर्ट में शामिल किए जाने वाले कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व संबंधी क्रियाकलापों पर रिपोर्ट

**1. चलाई जाने वाली प्रस्तावित परियोजनाओं अथवा कार्यक्रमों के संक्षिप्त विवरण सहित कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्वों के सम्बन्ध में कंपनी की नीति एवं कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व संबंधी नीति व परियोजनाओं या कार्यक्रमों के लिए वेब–लिंक का सन्दर्भ**

कंपनी, अपने पणधारकों के हितों को ध्यान में रखते हुए, आर्थिक, सामाजिक एवं पर्यावरण की दृष्टि से अपनी कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्वों के सतत् प्रचालन के लिए कटिबद्ध है। यह वचनबद्धता वैधानिक दायित्वों से परे है। अतः कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व, सतत् विकास से गहन रूप से जुड़े हुए हैं। कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्वों का विस्तार परोपकारी गतिविधियों से भी बढ़कर किया गया है एवं इनकी पहुंच सामाजिक एवं व्यावसायिक लक्ष्य पर केन्द्रित है। लंबी अवधि में, इन गतिविधियों को सतत् प्रतिस्पर्धी लाभ सुनिश्चित करने वाली गतिविधियों के रूप में देखे जाने की आवश्यकता है। कंपनी वर्ष 2007 से कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व संबंधी क्रियाकलापों से जुड़ी हुई है।

**वेब लिंक:**

**सीएसआर नीति: https://pdilin.com/pdf/csr-sustainability_policy.pdf.**

**कंपनी के कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व की नीति निम्नलिखित सिद्धान्तों पर आधारित है:**

- पीडीआईएल ने कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्वों को अपने कारोबार के संचालन के रूप में मान्यता दी है एवं इससे कंपनी, नैतिक प्रणालियों तथा सतत् प्रबन्धन प्रथाओं के कार्यान्वयन व एकीकरण के माध्यम से, अपने पणधारकों की बेहतरी के लिए धन व समृद्धि के सृजन व वितरण में सक्षम हो पाई है।
- कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्वों एवं सतत् क्रियाकलापों का कार्यान्वयन करते समय, पीडीआईएल, कारोबारी प्रचालन व क्रियाकलापों में, ऊपर से नीचे और नीचे से ऊपर तक के स्तर के सभी कर्मियों की सक्रिय भागीदारी के प्रति वचनबद्ध रही है।
- पीडीआईएल, समुचित प्रबन्धन के कार्यान्वयन एवं कार्यक्रमों के अल्पीकरण के माध्यम से जैव–विविधता, पर्यावरणीय संवेदनशीलता, भू उपयोग एवं स्थल का निवारण करने के प्रति प्रतिबद्ध है ताकि कंपनी अपने कारोबारी प्रचालनों के पूरे जीवन–काल में पर्यावरणीय संरक्षा, आर्थिक एवं सामाजिक–राजनीतिक निरन्तरता सुनिश्चित कर सके।
- पीडीआईएल ने अपने प्रचालन स्थलों पर हमेशा मानवाधिकारों की सुरक्षा करने एवं उन्हें बढ़ावा देने के साथ–साथ वहां

ANNEXURE -3

## THE ANNUAL REPORT ON CSR ACTIVITIES TO BE INCLUDED IN THE BOARD'S REPORT FOR THE YEAR 2019-20

**1. Company's CSR Policy, including overview of project's or programs proposed to be undertaken and a reference to the web-link to the CSR Policy and projects or programs.**

Corporate Social Responsibility (CSR) is a Company's commitment to operate in an economically, socially and environmentally sustainable manner, while recognizing the interest of its stakeholders. This commitment is beyond statutory requirements. CSR is, therefore, closely linked with the practice of sustainable development, CSR extends beyond philanthropic activities and reaches out to the integration of social and business goals. These activities need to be seen as those which would, in the long term, help secure a sustainable competitive advantage. The company is doing CSR activity since year 2007.

**Web link:**

**CSR Policy: https://pdilin.com/pdf/csr-sustainability_policy.pdf.**

**The CSR Policy of company is based on following principles:**

- PDIL recognizes CSR as a way of conducting business which enables the creation and distribution of wealth for the betterment of its stakeholders, through the implementation and integration of ethical systems and sustainable management practices.
- While implementing CSR & Sustainable activities, PDIL is committed towards the active involvement of all employees, Top to Bottom and Bottom to Top, engaged in diverse business operations and activities.
- PDIL is committed towards the management of biodiversity, sensitive environment, land use and site remediation through the implementation of appropriate management and mitigation programmes to ensure environmental protection, economic and socio-political sustainability throughout the life cycle of our business operation.
- PDIL shall continue to strive to uphold and promote fundamental human rights, as well as the traditional

की सांस्कृतिक धरोहर के परंपरागत अधिकारों की वकालत की है एवं उनका संवर्धन भी किया है, ताकि, अपने निकट पीडीआईएल जैसे संस्थान की उपस्थिति से समाज स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर सके।

- पीडीआईएल एक उत्तरदायी कार्पोरेट कंपनी के रूप में, अपने कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्वों एवं सतत् गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए वार्षिक रिपोर्ट देगी और निरन्तर प्रयत्नशील रहेगी।

पीडीआईएल में निदेशक मंडल के स्तर पर, एक समिति का गठन किया गया है, जो कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत किए गतिविधियां तय करती है एवं कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व नीति के अनुसार उसका निष्पादन सुनिश्चित करती है। कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्वों के तहत के तहत किये जाने वाले क्रियाकलापों का अनुमोदन निदेशक मंडल द्वारा किया जाता है।

**वित्त वर्ष के दौरान आरंभ की गई परियोजनाओं का संक्षिप्त विवरण :**

क. कंपनी ने गौतम बुद्ध नगर के जिलाधीश के साथ एक एमओयू पर हस्ताक्षर किया है जिसके अनुसार पंडित दीन दयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज, चिट्टी, जिला गौतम बुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश में कंम्प्यूटर लैब के लिए कंम्प्यूटर, प्रिंटर एवं यूपीएस, पुस्तकालय के लिए पुस्तकें, भौतिक शास्त्र लैब के लिए उपकरण तथा टेबल एवं क्लास रूमों में बैंच प्रदान करते हुए सुविधाओं का उन्नयन करना है।

ख. कंपनी ने ड्रिबल एकेडमी फाउंडेशन को अपने सीएसआर वित्तपोषण के माध्यम से मलिन बस्तियों के वंचित उन बच्चों को स्पोर्ट शूज, मोजे एवं टी शर्ट के रूप में सहायता करने का निर्णय लिया है जो एकेडमी द्वारा संचालित बॉस्केट बॉल की कोचिंग ले रहे हैं।

ग. कंपनी ने कोविड–19 विश्वव्यापी महामारी के विरूद्ध देश की लड़ाई को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से पीएम केयर्स फंड में 5.75 लाख रुपये का योगदान दिया।

2. कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व समिति की संरचनाः
   i. अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक..........................................अध्यक्ष
   ii. निदेशक (वित्त) ........................................................सदस्य
   iii. श्री प्रभास कुमार, निदेशक..........................................सदस्य
3. विगत तीन वित्त वर्षों में कंपनी का निवल औसत लाभः 9.83 करोड़ रुपये।
4. कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व हेतु निर्धारित व्यय (उपरोक्त मद 3 में दी गई राशि का दो प्रतिशत) – 19.66 लाख रुपये।
5. वित्त वर्ष के दौरान, कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पर किए गए खर्च का विवरणः–

क) वित्त वर्ष के दौरान खर्च की जाने वाली कुल राशिः 19.66 लाख रुपये

rights of indigenous host cultures and their heritage in areas where it operates so that the society feels proud to have an organization like PDIL as their neighbors.

- PDIL shall review, annually report and continuously strive to enhance our CSR & sustainability activity as a responsible corporate entity.

PDIL has a Board Level Committee, which decides the activities to be taken up under CSR and ensure its execution as per CSR Policy. All the activities under CSR are approved by Board of Directors.

**The brief description of projects undertaken during Financial Year:**

a. The company entered into a MOU with the District Magistrate of Gautam Buddh Nagar to upgrade the facilities at Pt. Deendayal Upadhyaya Government Model Inter College at Chitti, District Gautam Buddh Nagar, U.P. by donating computers, printers and UPS for computer lab, books for library, instruments and tables for the physics lab and benches for classrooms.

b. The company decided to support Dribble Academy Foundation, through CSR funding in the form of sports shoes, socks and T-shirts to the underprivileged children in slums who are undergoing basket ball sports coaching conducted by the Academy.

c. The company donated ₹ 5.74 lakhs in PM Cares Fund as humble contribution towards the nation's fight against the Covid-19 pandemic.

2. The Composition of the CSR Committee:-
   i. Chairman & Managing Director…........… Chairman
   ii. Director (F)……………………..............….Member
   iii. Shri Prabhas Kumar, Director…......………Member
3. Average Net Profit of the company for last three financial years - ₹ 9.83 crore
4. Prescribed CSR Expenditure (two percent of the amount as in item 3 above) - ₹ 19.66 lakhs
5. Details of CSR spent during the financial year:-

a) Total amount to be spent for the financial year: ₹ 19.66 lakhs

ख) खर्च न की गई राशि, यदि कोई है : शून्य

b) Amount unspent, if any: Nil

ग) वह रीति जिसमें वित्त वर्ष के दौरान राशि खर्च की गई है, निम्नलिखित तालिका में दशाई गई:–

c) The manner in which the amount spent during the financial year is detailed below:-

(राशि लाख रुपये में) Amount in lakhs

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र. सं. **S. No.** | सीएसआर परियोजनाएं **CSR Projects** | वह क्षेत्र जिसमें परियोजनाएं शामिल हैं **Sector in which the project is covered** | स्थान **Location** | परिव्यय राशि **Amount Outlay** | खर्च की गई राशि **Amount Spent/ Committed** | सूचना दी जाने वाली अवधि तक संचयी व्यय **Cumulative Expenditure up to the reporting period** | सीधे एवं कार्यान्वयन करने वाली एजेंसी के माध्यम से खर्च की गई राशि **Amount Spent: Direct or through implementing agency** |
| 1 | पंडित दीन दयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज Pt. Deendayal Upadhyaya Government Model Inter College | शिक्षण Education | चिट्टी, जिला गौतम बुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश Chitti, District Gautam Buddh Nagar, U.P | 10.46 | 10.46* | - | Direct |
| 2 | ड्रिबल एकेडमी फाउंडेशन Dribble Academy Foundation | खेल Sports | नोएडा, जिला गौतम बुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश Noida, District Gautam Buddh Nagar, U.P | 3.46 | 3.46* | - | प्रत्यक्ष Direct |
| 3 | पीएम केयर्स फंड PM Cares Fund | स्वास्थ्य Health | पीएम केयर्स फंड में पीडीआईएल का अंशदान PDIL Contribution to PM Cares Fund | 5.74 | 5.74 | - | प्रत्यक्ष Direct |
| | योग Total | | | 19.66 | 19.66 | | |

*खर्च की गई / सुपुर्द की गई राशि में 7.69 लाख रुपये की राशि भी शामिल है जो वर्ष 2019–20 के दौरान उपरोक्त सीएसआर गतिविधियों के अंतर्गत आने वाली विभिन्न मदों की आपूर्ति के लिए पहले ही सुपुर्द की जा चुकी है।

6. यदि कंपनी विगत तीन वर्षों का औसत निवल लाभ का दो प्रतिशत अथवा उसका हिस्सा खर्च करने में विफल रहती है तो कंपनी अपनी मंडल की रिपोर्ट में वह राशि खर्च न करने का कारण बताएगी:– लागू नहीं।

7. यह संपुष्टि की जाती है कि कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व नीति का कार्यान्वयन एवं निगरानी कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के उद्देश्यों एवं कंपनी की नीति के अनुसार हुआ है।

ह/–

**(अध्यक्ष, कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व समिति)**

*The amount spent/committed is inclusive of an amount of ₹7.69 lacs already committed for supply of various items covered under the above CSR activities during the year 2019-20.

6. In case the company has failed to spend the two percent of the average net profit of the last three years or part thereof, the Company shall provide the reasons for not spending the amount in its Board Report :- Not applicable

7. It is affirmed that the implementation and monitoring of CSR Policy is in compliance with CSR objectives and policy of the company.

**Sd/-**

**(Chairman of CSR Committee)**